भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
**Bharat Heavy Electricals Limited**

## Message from Director (E, R&D)



I am happy to learn that this year Vigilance Awareness Week will be observed from 27th October to 2nd November, 2025.

On this occasion, I extend my warm greetings and urge each one of you to reflect deeply on this year's theme — **"Vigilance: Our Shared Responsibility."** This theme is a powerful reminder that building a corruption-free, transparent and ethical work culture is not the task of a few—it is a collective responsibility that rests upon each one of us.

Vigilance means actively living our values within the ambit of the policies, ensuring compliance and holding each one of us accountable in our domain of responsibilities. Through this shared responsibility, we maintain a culture of trust and ethical excellence.

Every bit of policy and rule we follow, it goes miles in strengthening the fabric of culture of mutual trust and brings in ethical excellence in our organization. These policies, rules & regulations and following them with perseverance not only protect and support us but they pave the way for sustainable growth. Ethical practices not only enhance the credibility of our work but also drive sustainable progress and trust—both within our organization and among our stakeholders. In the week, I request each one of you to undertake these three activities:

- Revisit the policies and guidelines relevant to your function.
- Reflect on how they apply to your daily work.
- Reinforce them through your actions and decisions.

Because the more versed we are with the framework, the easier it becomes to uphold it — not just during this week, but every day.

I also encourage each one of you actively participate in the awareness activities being organized—be it integrity pledges, knowledge-sharing sessions or interactions etc. Let us use this opportunity to reaffirm our commitment to ethical conduct and set benchmarks for excellence driven by integrity.

Together, let us build and sustain an environment where ethics and growth go hand in hand and where vigilance is not an obligation but a shared value.

**(S.M. Ramanathan)**
Director (E, R&D)

## निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) का संदेश



मुझे यह जानकर खुशी हुई है कि इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह 27 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2025 तक मनाया जाएगा।

इस अवसर पर, मैं आप सबको हार्दिक बधाई देता हूँ और आग्रह करता हूँ कि आप इस वर्ष के विषय—**"सतर्कता: हमारी साझा ज़िम्मेदारी"**-पर गहराई से विचार करें। यह विषय हमें पुरजोर तरीके से याद दिलाता है कि भ्रष्टाचार-मुक्त, पारदर्शी और नैतिक कार्य संस्कृति का निर्माण केवल कुछ लोगों का काम नहीं है - यह हम सबकी एक सामूहिक ज़िम्मेदारी है।

सतर्कता का अर्थ है नीतियों के दायरे में रहकर सक्रिय रूप से अपने मूल्यों को जीना, अनुपालन सुनिश्चित करना और अपनी जिम्मेदारियों के प्रति स्वयं को जवाबदेह बनाना । इस साझा ज़िम्मेदारी के माध्यम से ही हम विश्वास और नैतिक उत्कृष्टता की संस्कृति को बनाए रखते हैं।

हम जिस भी नीति और नियम का पालन करते हैं, वह आपसी विश्वास की संस्कृति को मज़बूत करने और हमारी संस्था में नैतिक उत्कृष्टता लाने में सहायक होती है। ये नीतियाँ, नियम-विनियम और उनका दृढ़ता से पालन, न केवल हमारी रक्षा और सहयोग करते हैं, बल्कि वे सतत विकास का मार्ग भी प्रशस्त करते हैं। नैतिक कार्यप्रणाली न केवल हमारे काम की विश्वसनीयता को बढ़ाती है, बल्कि हमारी संस्था के भीतर और हमारे हितधारकों के बीच सतत प्रगति और विश्वास को भी बढ़ावा देती है।

इस सप्ताह में, मैं आप सबसे निम्नलिखित तीन गतिविधियाँ करने का अनुरोध करता हूँ:

- अपने कार्य से संबंधित नीतियों और दिशानिर्देशों को फिर से पढ़ें।
- विचार करें कि वे आपके दैनिक कार्य पर कैसे लागू होते हैं।
- उन्हें अपने कार्यों और निर्णयों के माध्यम से लागू करें।

क्योंकि हम फ्रेमवर्क से जितने अधिक परिचित होंगे, उसे बनाए रखना उतना ही आसान होगा - केवल इस सप्ताह के दौरान ही नहीं, बल्कि हर दिन।

मैं आप सबको, आयोजित की जा रही जागरूकता गतिविधियों - चाहे वे सत्यनिष्ठा की शपथ हों, ज्ञान-साझा करने के सत्र हो या संवाद हो - में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित करता हूँ । आइए, हम इस अवसर का उपयोग नैतिक आचरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करने और सत्यनिष्ठा से प्रेरित उत्कृष्टता का मानदंड स्थापित करने के लिए करें।

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसा वातावरण बनाएँ जहाँ नैतिकता और विकास साथ-साथ चलें और जहाँ सतर्कता कोई दायित्व नहीं, बल्कि एक साझा मूल्य हो।

रामनाथन

**(एस.एम. रामनाथन)**
निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)